



एक नजर में

## उज्जैन परिचय सम्मेलन में धार टीम की सहभागिता, आगामी आयोजन का जोरदार प्रचार



**धार।** उज्जैन में श्री अग्रवाल जेजीस द्वारा आयोजित दो दिवसीय अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें धार में 10 व 11 जनवरी को आयोजित होने वाले परिचय सम्मेलन की टीम के आशीष गोयल,अनूप अग्रवाल,दीपक अग्रवाल, पायल आशीष गोयल, चंदा शैलेंद्र अग्रवाल, अर्चना सुनील अग्रवाल,ओम प्रकाश अग्रवाल,गोपीकिशन अग्रवाल,मनीष अग्रवाल,दीपक अग्रवाल दीपश्री राजेश मित्तल,राजेंद्र अग्रवाल दीपक अग्रवाल अंबिका सेल्स, अवंती ओम प्रकाश अग्रवाल, कविता गोपी किशन अग्रवाल, वर्षा राजेंद्र अग्रवाल शामिल हुए , मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा धार द्वारा अग्रवाल समाज धार के सानिध्य में दो दिवसीय आयोजित अखिल भारतीय विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन धार स्थित श्रद्धा शगुन गार्डन में 10 एव 11 जनवरी को होगा जिसको लेकर अग्रबन्धुओ में भारी उत्साह देखा जा रहा है वही युवक एवं युवतियों की परिचय पुस्तिका में एंट्री का अंतिम दौर चल रहा है अभी तक 700 इंट्री प्राप्त हो चुकी है।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अशोक मित्तल एव श्याम मंगल लेब? ने दी।

## नर्मदा समग्र न्यास की अनूठी पहल

### 100 किमी की जलयात्रा कर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने डूब प्रभावित क्षेत्रों में लगाया चिकित्सा शिविर




**कुक्षी।** कुक्षी-बड़वानी के सेवाभावी चिकित्सक दल द्वारा सरदार सरोवर डूब क्षेत्र का दौरा किया गया द्य स्व. अनिल माधव दवे जी की प्रेरणा से नर्मदा समग्र न्यास रिवर एंबुलेंस प्रकल्प द्वारा दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा सुलभ हो इस आशय से विगत 10-12 वर्षों से लगातार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। बड़वानी के चिकित्सक दल द्वारा दुर्गम क्षेत्र में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ संदीप गुप्ता (मेडिसिन) डॉ मयंक पाटीदार,डॉ राकेश पाटीदार,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ चेतन पंवार,डॉ मनीष मालवीय, डॉ राहुल पाटीदार, डॉ प्रवीण पाटीदार कुक्षी,अनुराग शर्मा द्वारा रोगियों का परीक्षण कर उचित निदान किया गया द्य 100 किमी एवं 11 घंटे की जलयात्रा मे लगभग 90-100 रोगियों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायी गयी द्यचिकित्सक दल द्वारा दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में विषम परिस्थितियों में भी अध्ययनरत विद्यार्थियों से भी सम्वाद कर उनको प्रोत्साहित करते हुए शिक्षण सामग्री एवं खेल सामग्री का वितरण किया गया द्य स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ चिकित्सक दल ने सामाजिक सरोकार भी निभाया। उन्होंने दुर्गम पहाड़ियों पर विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया। बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें शिक्षण सामग्री और खेलकूद के उपकरण वितरित किए गए। विगत 10-12 वर्षों से निरंतर जारी नर्मदा समग्र न्यास का यह प्रकल्प आज भी दुर्गम क्षेत्रों के लिए जीवनदायिनी बना हुआ है। चिकित्सकों के इस दल ने न केवल उपचार किया, बल्कि फ्रनर सेवा ही नारायण सेवाफ्र के ध्येय को चरितार्थ करते हुए दुर्गम अंचल के निवासियों को बेहतर जीवन का भरोसा दिलाया।

## अटल बिहारी वाजपेई जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई



**बाग .** गुरुवार को अम्बेडकर भवन में पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर बाग मंडल के सभी बुथो पर कार्यक्रम आयोजित किए गए ।भाजपा कार्यकर्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने कहां की पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जल कल्याणकारी योजनाओं का जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सके। अटल जी को भारत माता का सच्चा सपूत बताया । अटल जी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से ग्रामीण भारत में परिवर्तन आए और कृषि, व्यापार ,शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचाने के आसान रहा ग्रामीणों के जीवन में नव चेतना का संचार विया ।

## मकान में लगी आग, लाखों का सामान हुआ खाक



**धार।** शहर की बसंत विहार कॉलोनी में गुरुवार को एक मकान में आग लग गई। सोफा और गद्दे बनाने का लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी में करीब 8 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान बताया गया है। यह मकान कृष्णा प्रजापत का है, जो सोफे और गद्दे बनाने का काम करते हैं। सोफे के गद्दे, फोम और फर्नीचर बनाने का कच्चा माल रखा हुआ था। आग लगने का कारण वेल्डिंग की चिंगारी बताया जा रहा है। घटना के समय पास के एक मकान की छत पर वेल्डिंग का काम चल रहा था। वेल्डिंग से निकली एक चिंगारी नीचे रखे फोम पर गिरी, जिससे आग तेजी से फैल गई और उसने विकराल रूप ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही कॉलोनी में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत अपने घरों से पानी की मोटर चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया। नगर पालिका के दो दमकल वाहन भी मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मकान मालिक कृष्णा प्रजापत के अनुसार, उनकी सोफे और गद्दे बनाने की दुकान है और सारा कच्चा माल इसी मकान में रखा था। वेल्डिंग की चिंगारी से लगी इस आग में उन्हें लगभग 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया

### श्रद्धेय अटलजी की 101वीं जयंती स्मृति पर्व पर भाजपा ने 18 मंडलों के सभी बूथ केंद्र पर स्वच्छता अभियान एवं दीपोत्सव उत्सव कर सुशासन दिवस मनाया

> अटल के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना है - डॉ. शरद विजयवर्गीय

**धार ।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती के मार्गदर्शन में जननायक, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, ओजस्वी व प्रखर वक्ता, पूर्व प्रधानमंत्री, %भारत रत्न% श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष अटल स्मृति पर्व के तहत जिले की तीन विधानसभा 18 मंडलों के सभी बूथ केंद्र पर पूर्व संध्या पर दीपोत्सव व 25 दिसंबर को भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं %सुशासन दिवस% के रूप में मनाया।

इस दौरान भाजपा नेता डॉ शरद विजयवर्गीय जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ममता जोशी ने अटल जी के चित्र पर मल्यार्पण कर अटल जी के जीवन को स्मरण कर उन्हें याद किया।




भाजपा नेता डॉ शरद विजयवर्गीय ने कहा की अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना है ङ्क अच्छे शासन, लोकतंत्र की मजबूती, राष्ट्रप्रथम की भावना एवं सदैव मुस्कुराते रहने का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उनके आदर्शों पर चलकर हम सब मिलकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे।

जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने ने कहा कि अटल जी अपने दूरदर्शी नेतृत्व में उन्होंने देश को विकास की अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाया। एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए उनके प्रयासों को सदैव स्मरण किया जाएगा।

श्रीमती ममता जोशी ने कहा कि श्रद्धेय अटलजी माँ भारती की आत्मा की सशक्त आवाज थे, उनके विचारों और कार्यों में राष्ट्रभक्ति एवं जनसेवा सदा के लिए जुड़ी थी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ लोकतंत्र की सशक्ति, राजनीति में शुचिता और सुशासन के उनके स्वप्न मोदी सरकार में साकार हो रहे हैं।

> इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राखी राय कार्यालय मंत्री मनीष प्रधान जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मंडल अध्यक्ष जयराज देवड़ा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनमचंद फकीरा मंडल महामंत्री सीमा सोनी राकी आहूजा सुरेश प्रजापत कैलाश पिपलोदिया युवा मोर्चा जिला मंत्री जसप्रीत डंग राकेश दुर्गेश्वर अनिल गेहलोद महेश बोडाने बादल मालवीय कल्पना जोशी सीमा पंडिया अनुसुइया वैष्णव डाली जाधव नमन रावल मीना दुबे गौरव जाट अंकित जैन अजय राठौर रितेश अग्निहोत्री नवीन भंवर जय सूजान जतिन मौर्य पंकज जाधव भय्यु राम हरीश आर्य देवांग पवार लखन शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्मरण कर अटलजी को पुष्पांजलि अर्पित की।

# स्वस्थ शरीर से जो ऊर्जा मिलती है वह ऊर्जा व्यक्ति की प्रगति में सहायक होती है

**नागदा ( धार )।** स्वस्थ शरीर से जो ऊर्जा मिलती हे वह ऊर्जा व्यक्ति की प्रगति में सहायक होती हे चाहे वह धार्मिक क्रिया करे सामाजिक कार्य सांसारिक कार्य या व्यावसायिक कार्य इन सारे कार्यों को करने के लिए मन की चेतना का जागृत होना आवश्यक हे और वह चेतना व्यक्ति को स्वस्थ शरीर होने से मिलती हे अत: शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग एवं प्राकृतिक थेरेपी का लाभ लेना चाहिए उक्त बात मालवा महासंघ नवरत्न परिवार एवं संघ द्वारा छ: दिवसीय एक्युप्रेशर सुजोक एवं वाइब्रेशन प्राकृतिक चिकित्सा थेरेपी स्वास्थ्य शिवर के समापन अवसर पर पूज्य आचार्य श्री विश्व रत्न सागर सुरीश्वरजी महाराजा द्वारा कही गई आपके द्वारा बताया गया कि व्यक्ति को हर हाल में स्वास्थ के प्रति सजग रहते हुए अपने साथ साथ अन्य लोगों को भी



स्वास्थ लाभ मिले इस हेतु ऐसे शिविरों का आयोजन करते रहना चाहिए इस अवसर पर अखिल भारतीय श्री जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मेहता, राष्ट्रीय पदाधिकारी राजेन्द्र बोकडिया, ने अपने भाव रखते हुए थेरेपिस्ट डा की अनुमोदना की एवं बताया कि आपकी सेवा के भाव से शिविर के माध्यम से करीब 700 मरीज लाभान्वित होते हुए कुछ गंभीर बीमारी वाले मरीज ठीक हुए इस अवसर पर शिविर में सेवा देने वाले जोधपुर के थेरेपिस्ट डा नरेंद्र चौधरी लक्ष्मण सिंह खीरवाज जी रमेश सूतार जी का शाल श्री फल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर महासंघ के संतोष मेहता राजेन्द्र बोकडि़या संघ के शैतान मल कांकरिया सुनील चौधरी संजय जैन टी सुरेश मुथा कमलेश पगारिया एवं नवरत्न परिवार के यश मेहता द्वारा बहुमान किया गया इस अवसर पर पवन मेहता विशाल मेहता जयेश मेहता पुखराज कटारिया प्रदीप नाहर विनय नाहर सहित बड़ी संख्या में संघ जन की उपस्थिति रही ।

## रजत जंयती महोत्सव एवं तपस्वी ब्रह्माकुमार - ब्रह्माकुमारियों का सम्मान

**मनावर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थानीय शाखा मनावर के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जंयती महोत्सव एवं तपस्वी ब्रह्माकुमार - ब्रह्माकुमारीयो का सम्मान एवं श्रीमद् भागवत गीता का सार खुशहाल जीवन एवं तनाव मुक्त जीवन का आधार... प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मनावर के तत्वाधान में श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान प्रवचन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मनावर सेंटर पुष्पा कॉलोनी, धार रोड, मनावर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। नगर में धार्मिक वातावरण को उत्साह से भरने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन 26 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक बालाजी कॉलोनी, धार रोड स्थित खंडेलवाल मांगलिक भवन में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। कार्यक्रम में कथा वाचन का शुभ अवसर प्रसिद्ध राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भारती दीदी (कटनी, मध्यप्रदेश) को प्राप्त होगा, जो श्रीमद्भागवत गीता के अमृतमय ज्ञान का सुस्पष्ट और प्रेरणादायी प्रवचन करेंगी।

कलश यात्रा से होगा शुभारंभ इस भव्य आयोजन की शुरुआत 26 दिसंबर 2025, शुक्रवार प्रात: 10 बजे कलश यात्रा के माध्यम से होगी, जो ब्रह्माकुमारी आश्रम पुष्पा कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी।

# श्रीनिवास रामानुजन ने गणित को ईश्वर से जोड़ा : डॉ . प्रगति जैन

**मनावर।** कभी-कभी इतिहास ऐसे लोगों को जन्म देता है, जो अपने समय से बहुत आगे होते हैं। जिनके लिए ज्ञान केवल बुद्धि का विषय नहीं, बल्कि आस्था, साधना और आत्मा का संवाद होता है। ऐसा ही एक नाम है— श्रीनिवास रामानुजन का उक्त उदगार प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ प्रगति जैन ने व्यक्त करते हुए कहा कि 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु के कुंभकोणम में जन्मे रामानुजन किसी बड़े विद्यालय या संपन्न परिवार की देन नहीं थे। उनका संसार छोटा था—एक साधारण घर, सीमित साधन और भीतर जलता हुआ एक असाधारण प्रकाश।उक्त उदगारगणितज्ञडॉ प्रगति जैनने गणित दिवस के उपलक्ष मेंआयोजित एक कार्यक्रम



मेंव्यक्त करते हुएबताया

रामानुजन के लिए गणित किताबों में बंद सूत्र नहीं था। वह ईश्वर की भाषा थी। वे स्वयं कहते थे कि उनके कई गणितीय सूत्र उन्हें स्वप्न में देवी नामगिरि द्वारा प्राप्त होते हैं। दुनिया इसे आस्था कहे या कल्पना, लेकिन उसी आस्था से जन्मे सूत्र आज आधुनिक विज्ञान की नींव बने हुए हैं। घर की आर्थिक स्थिति ऐसी थी कि कई बार कागज़ तक उपलब्ध नहीं होता। लेकिन गणित रुकता नहीं था। वे पुराने कागज़ों, स्लेट, यहाँ तक कि फर्श पर भी सूत्र लिखते चले जाते। जैसे कोई साधक मंत्र लिख रहा हो, वैसे ही रामानुजन संख्याओं में लीन रहते। विद्यालय में उनकी प्रतिभा सबको चकित करती थी। गणित में वे अद्भुत थे, लेकिन अन्य विषयों में रुचि नहीं थी। कॉलेज की पढ़ाई अधूरी रह गई। डिग्री नहीं मिली, नौकरी नहीं मिली, और समाज ने उन्हें एक असफल युवक मान लिया। गरीबी, बेरोज़गारी और उपेक्षा के बीच उनका जीवन संघर्षों से भर गया। कई बार भोजन तक का अभाव रहा, लेकिन गणित की साधना कभी नहीं रुकी।


### रामानुजन के लिए गणित किताबों में बंद सूत्र नहीं था

1913 में उन्होंने अपने जीवन का सबसे साहसिक निर्णय लिया। उन्होंने इंग्लैंड के प्रसिद्ध गणितज्ञ जी. एच. हार्डी को एक पत्र लिखा। उस पत्र में दर्जनों ऐसे सूत्र थे, जिन्हें पढ़कर हार्डी चकित रह गए। उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि बिना औपचारिक शिक्षा के कोई व्यक्ति ऐसा कार्य कर सकता है। यही पत्र रामानुजन को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय तक ले गया। भारत का एक गुमनाम युवक अब विश्व के महान गणितज्ञों के बीच था।नई भाषा, अलग संस्कृति, कठोर मौसम और कमजोर स्वास्थ्य— सब कुछ चुनौतीपूर्ण था। फिर भी रामानुजन का गणित और अधिक गहराता गया। संख्या सिद्धांत, अनंत श्रेणियाँ, टैक्सिकैब संख्या— उनके विचार आज भी सुपरकंप्यूटर, क्रिप्टोग्राफी और अंतरिक्ष विज्ञान में जीवित हैं।वे ऐसे सूत्र दे गए जिन्हें समझने में दुनिया को दशकों लग गए। 1918 में उन्हें रॉयल सोसाइटी का फेलो बनाया गया ।यह सम्मान पाने वाले वे शुरुआती भारतीयों में से थे। लेकिन सफलता के इस शिखर पर उनका शरीर उनका साथ छोड़ने लगा। बीमारी ने उन्हें जकड़ लिया। मात्र 32 वर्ष की आयु में 1920 में उनका निधन हो गया।

**एक नजर** — संत श्री दादागुरू ने मां सात माता देवी का पूजन किया व खेड़ापति हनुमान मंदिर में धर्मसभा को संबोधित किया

# हमारी सनातन धर्म संस्कृति एवं आस्था के समागम से भारत विश्व गुरु बनेगा : संत श्री दादा गुरु

**बाकानेर ।** नर्मदा परिक्रमा कर रहे संत श्री दादा गुरु ने स्थानीय खेड़ापति हनुमान मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज नहीं तो कल पूरा विश्व हमारे धर्म एवं संस्कृति को अपना एगा जीव जगत ब्रह्मांड के सारे रहस्य नर्मदा जी में विद्यमान है देश के पहाड़ों से निकलने वाली गंगा जमुना गोदावरी कावेरी नर्मदा केवल बहता पानी नहीं है जीव जगत सृष्टि के पोषक के रूप में हमारी नदियों का निर्माण एवं संचालन में अमूल्य योगदान है हम नदियों की पूजा यूं ही नहीं करते यह सनातन धर्म की शक्ति है उनके कण कण पत्थर में शंकर जी विराजमान है इनके पत्थरों के ऊपर उभरती आकृतियां भी हमारे शोध का विषय है पश्चिमी देश अमेरिका जर्मनी सब हमारे सनातन धर्म के वेद पुराणों में छिपे रहस्य का अध्ययन कर रहे हैं परिक्रमा साधना से हमारे अंदर एक विश्वास जागेगा और हम कामनाओं एवं वासनाओं से मुक्त होंगे शब्द ही ब्रह्म है यह पुराण वेद प्रमाणित करते हैं मान नदी पर स्थित सातमात्रा देवी की मातृशक्ति है इसलिए पूज्य है अयोध्या के राम मंदिर केवल पत्थरों का मंदिर नहीं है यह हमें सत्य के मार्ग पर ले जाने के मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का



आदर्श राज्य चरित्र एवं अन्याय के विरुद्ध सत्य की जीत की प्रेरणा देता है पांच वर्षो से आहार को पूरी तरह से त्याग कर केवल नर्मदा जल का सेवन कर चतुर्थ चरण में मां नर्मदा परिक्रमा पर दादा गुरु बुधवार को बाकानेर पहुंचे संत दादा गुरु ने सर्वप्रथम निमाड़ क्षेत्र की प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर मान नदी तट पर स्थित मां सात माता देवी का पूजन कर चरण वंदन किया तथा आरती में शामिल हुए नगर आगमन पर ग्राम वासियों द्वारा श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में भव्य स्वागत किया गया रात्रि विश्राम एवं भोजन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में रखा गया रात्रि में संत श्री दादा गुरु ने एक धर्म सभा को संबोधित किया अपने उद्बोधन में संत श्री ने मां नर्मदा का महत्व बताते हुए पर्यावरण बचाने का संदेश दिया नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया संत श्री ने लोगों को सनातन संस्कृति और पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए कहा कि नदी है तो सदी है नदी के महत्व पर जो देते हुए कहा कि नदियों के बिना जीवन और सभ्यता संभव नहीं है अवधूत संत श्री दादा गुरु ने मान नदी के महत्व को भी उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया मान के पत्थरों की बारे में बताया कि नदी के हर पत्थर पर आकृति है यह मान नदी की पहचान है। संत श्री ने हिंदू समाज के लोगों पर बांग्लादेश में हो रही घटनाओं के निंदा की। उन्होंने हिंदुओं से आह्वान किया की जातियों में नहीं बंटे एक सूत्र में बंधे तभी एसी घटनाओं को रोका जा सकेगा। गुरुवार को सुबह आरती पश्चात संत दादा गुरु ने हजारों नर्मदा परिक्रमावासीयो के साथ बाकानेर से प्रस्थान किया इस अवसर पर बाकानेर आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर संत श्री दादा गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया।





> सभी श्रद्धालुओं न पारंपरिक वेशभुषा धोती और कुर्ता पहन रखा था। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर अन्न क्षेत्र समिति ने संत श्री दादा गुरु का शाल श्रीफल देकर स्वागत सम्मान किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया समिति के सदस्यों ने संत श्री दादा गुरु को बताया कि विगत 8 वर्षों से श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में सैकड़ो की संख्या में प्रतिदिन नर्मदा परिक्रमावासीयो का आगमन होता है जो यहां विश्राम एवं भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं संत श्री दादा गुरु ने समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप लोग बहुत ही उत्तम कार्य कर रहे हैं हम एक ही परिवार के हैं ऐसे ही पुण्य के काम करते रहो ।संत श्री दादा गुरु के प्रवचन को आत्मसात करने मनावर बाकानेर क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए आयोजन के लिए ग्राम पंचायत बाकानेर, भाजपा मंडल बाकानेर एवं पुलिस प्रशासन एवं हनुमान मंदिर से जुड़े धर्म प्रेमी जनता का भरपूर सहयोग मिला नर्मदा जी की आरती के पश्चात उपस्थित परिक्रमा वासीयो एवं धर्म प्रेमियों के लिए भोजन प्रसादी के उचित व्यवस्था की है सवेरे 7-00 बजे नर्मदा जी के जय घोष के साथ दादा गुरु उटावद हनुमान मंदिर अगले पड़ाव के लिए रवाना हुए मनावर थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान, बाकानेर चौकी प्रभारी प्रशांत पाल दलबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।